Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to provide tax holiday and transport subsidy to backward districts of Chattisgarh-laid.

श्री दीपक बैज (बस्तर): केन्द्र सरकार पूर्वोत्तर के कई राज्यों सहित हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल का दार्जिलिंग जिला एवं उत्तराखण्ड में टैक्स होलिडे के तहत कर एवं जीएसटी में छूट और ट्रांसपोर्ट सब्सिडी देकर उद्योग-धंधे, व्यापार एवं निवेश हेतु प्रोत्साहन देती है। इससे टैक्स होलिडे और ट्रांस्पोर्ट सब्सिडी वाले क्षेत्रों का तेजी से विकास होता है और स्थानीय लोगों को रोज़गार के बेहतर अवसर मिलते हैं। प्राकृतिक संपदा से भरपूर चार राज्यों से घिरा छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित पहाड़ी, आदिवासी क्षेत्र बस्तर, कांकेर, कोण्डागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, सुकमा व बीजापुर अत्यंत पिछड़ा क्षेत्र है। कोरोना एवं लॉकडाउन के बाद इस क्षेत्र में निवेश हेतु टैक्स होलिडे और ट्रांसपोर्ट सब्सिडी देने से क्षेत्र तेजी से विकसित होगा। मेरी मांग है कि सरकार इस क्षेत्र में टैक्स होलिडे एवं ट्रांसपोर्ट सब्सिडी देकर उद्योग-धंधे, व्यापार और निवेश को बढ़ावा दे, इससे क्षेत्र में विकास का मार्ग प्रशस्त होगा एवं स्थानीय लोगों को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे।